nt>

Title: Need to regularise the unauthorised colonies in Delhi. − Laid.

**श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली)** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सम्मानित सदन एवं सर का ध्यान दिल्ली की 1500 से अधिक अनाधिकृत कालोनियों में रहने वाले 30 लाख से अधिक गरीब एवं निम्न मध्यम श्रेणी के नागरिकों की दयनीय स्थिति की ओर आकर्िात् करना चाहूंगा। दिल्ली की कुल आबादी का पांचवां भाग बुनियादी नागरिक सुविधाओं के अभाव में और अपने भविय के प्रति अनिश्चितता की स्थिति में जी रहा है। इस दयनीय स्थिति से 30 लाख नागरिकों को मुक्ति दिलाना सरकार का नैतिक एवं मानवीय दायित्व तो है ही, संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक दायित्व भी है। मेरा सम्मानित सदन एवं सरकार से आग्रह है कि दिल्ली की निर्वाचित विधान सभा द्वारा दिल्ली की सभी अनाधिकृत कालोनियों को श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रीत्व काल में घोाित वर्ा 1976-77 की नियमन नीति के आधार पर नियमित करने के तर्कसंगत एवं लोक-स्वीकार्य, सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को तत्काल स्वीकार किया जाये और नियमन प्रक्रिया प्रारंभ की जाये।